रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-127 REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 92] नई दिल्ली, बुधवार, मई 17, 1989/वैशाख 27, 1911
No. 92] NEW DELHI, WEDNESDAY, MAY 17, 1989/VAISAKHA 27, 1911

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

लोक सभा सचिवालय

अधिसूचनाएं

नई दिल्ली, 10 मई, 1989

सं० 41/3/सी० एक/89:— 9 मई, 1989 के लोक सभा समाचार भाग-दो में प्रकाशित निम्नलिखित पैरा एतद्द्वारा सामान्य जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है:—

"संख्या 2929

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्यसंचालन नियम (छठा संस्करण) में संशोधन

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन, नियम (छठा संस्करण) के नियम 331 के उपनियम (3) के अनुसरण में उक्त नियमों में लोक सभा द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित संशोधन एतद्द्वारा प्रकाशित किये जाते हैं :—

नये नियम 331ग, 331घ, 331ङ और 331च

नियम 331ख के पश्चात् निम्नलिखित नये नियम अन्तःस्थापित किए जायेंगे, अर्थात्:—

"कृषि समिति

331ग कृषि मंत्रालय तथा संबद्ध मंत्रालयों द्वारा नियंत्रित किये जाने वाले कृषि संबंधी कृत्य सभी विषयों की जांच करने के लिए तथा उनके बारे में समय-समय पर प्रतिवेदन देने के लिए एक कृषि समिति होगी। समिति के कृत्य इस प्रकार होंगे:-

(क) कृषि मंत्रालय तथा संबद्ध मंत्रालयों के ऐसे क्रियाकलापों की जांच करना, जो समिति को ठीक प्रतीत हों;

(ख) संसद् द्वारा अनुमोदित नीति से संगत क्या मितव्ययता, संगठन में सुधार कार्य-पद्धति या प्रशासनिक सुधार किये जा सकते हैं इस संबंध में प्रतिवेदित करना;

(ग) कृषि मंत्रालय तथा संबद्ध मंत्रालयों के वार्षिक प्रतिवेदनों की यह पता लगाने के लिये जांच करना कि क्या किया गया व्यय प्राप्त परिणामों के अनुरूप है;

(घ) कृषि मंत्रालय तथा संबद्ध मंत्रालयों की ऐसी योजना परियोजनाओं/कार्यकलापों की जांच करना जो समिति को ठीक प्रतीत हो अथवा जो सभा या अध्यक्ष द्वारा विशेष रूप से निर्दिष्ट किये जायें; और

(ङ) कृषि और कृषि उद्योगों के आधुनिकीकरण तथा समूचे रूप से विकास का मूल्यांकन करना और उसके लिए उपाय सुझाना जिससे उनका योगदान नियति, आदि के लिए खाद्य, कच्चे माल और उत्पादों की आपूर्ति करके आर्थिक विकास में बढ़ाया जा सके;

'331घ गठन—(1) समिति में 22 से अधिक सदस्य नहीं होंगे जिनमें से 15 सदस्य प्रत्येक वर्ष अध्यक्ष द्वारा लोक सभा सदस्यों में से नामनिर्दिष्ट किये जायेंगे तथा सात से अनधिक सदस्य राज्य सभा से होंगे जो समिति के साथ सहयोजित किये जाने के लिए राज्य सभा के सभापति द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जायेंगे।

परन्तु किसी मंत्री को इस समिति के एक सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट नहीं किया जायेगा और यदि कोई सदस्य, समिति के मनोनीत होने के बाद, मंत्री नियुक्त कर दिया जाता है तो वह ऐसी नियुक्ति की तारीख से समिति का सदस्य नहीं रहेगा।

(2) समिति के सदस्यों की पदावधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी समिति

331ङ कृत्य—विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा संबद्ध मंत्रालयों द्वारा निपटाये जाने वाले सभी विषयों की जांच करने के लिये तथा उनके बारे में समय-समय पर प्रतिवेदन देने के लिये एक समिति होगी। समिति के कृत्य इस प्रकार होंगे:—

(क) विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा संबद्ध मंत्रालयों के ऐसे क्रियाकलापों की जांच करना, जो समिति को ठीक प्रतीत हों;

(ख) संसद् द्वारा अनुमोदित नीति से संगत क्या मितव्ययता संगठन में सुधार, कार्य पटुता या प्रशासनिक सुधार किये जा सकते हैं, इस संबंध में प्रतिवेदित करना;

(ग) विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा संबद्ध मंत्रालयों के वार्षिक प्रतिवेदनों की यह पता लगाने के लिये जांच करना कि क्या किया गया व्यय प्राप्त परिणामों के अनुरूप है,

(घ) विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा संबद्ध मंत्रालयों की ऐसी योजना परियोजनाओं/कार्यकलापों की जांच करना जो समिति को ठीक प्रतीत हो अथवा जो सभा या अध्यक्ष द्वारा विशेष रूप से निर्दिष्ट किये जायें;

(ङ) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों का अध्ययन करना;

(च) अनुसंधान तथा विकास को बढ़ावा देने तथा उद्योग और कृषि एवं राष्ट्र की सुरक्षा के लिये उनके उपयोग के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित अथवा सहायता प्राप्त क्रियाकलापों की जांच तथा मूल्यांकन करना;

(छ) वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकी संस्थाओं को प्रभावित करने वाले मामलों, यथा वित्तीय, कार्मिक, क्रय तथा आयात नीतियों और प्रथाओं की जांच करना;

(ज) जीवन-प्रौद्योगिकी संबंधी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जांच करना;

(झ) वैज्ञानिक जनशक्ति के विकास तथा उपयोग के लिये संबंधित उपायों की जांच करना; और

(ञ) वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकी आविष्कारों का अधिक उपयोग कर के अधिक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये उपाय सुझाना।

331च गठन—(1)—समिति में 22 से अधिक सदस्य नहीं होंगे जिनमें से 15 सदस्य प्रत्येक वर्ष अध्यक्ष द्वारा लोक सभा सदस्यों में से नामनिर्दिष्ट किये जायेंगे तथा सात से अनधिक सदस्य राज्य सभा से होंगे जो समिति के साथ सहयोजित किये जाने के लिए राज्य सभा के सभापति द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जायेंगे।

परन्तु किसी मंत्री को इस समिति के एक सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट नहीं किया जायेगा और यदि कोई सदस्य, समिति के मनोनीत होने के बाद मंत्री नियुक्त कर दिया जाता है तो वह ऐसी नियुक्ति की तारीख से समिति का सदस्य नहीं रहेगा।

(2) समिति के सदस्यों की पदावधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।"

सुभाष काश्यप,
महासचिव।"

LOK SABHA SECRETARIAT

NOTIFICATIONS

New Delhi, the 10th May, 1989

No. 41/3/CI/89.—The following paragraph published in the Lok Sabha Bulletin-Part II, dated the 9th May, 1989, is hereby published for general information :—

"No. 2929

Amendments to the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Sixth Edition)

In pursuance of sub-rule (3) of rule 231 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Sixth Edition), the following amendments approved by Lok Sabha to the said Rules, are hereby published :—

New Rules 331C, 331D, 331E and331F

After rule 331B, the following new rules shall be inserted namely :—

"COMMITTEE ON AGRICULTURE

331C Functions.—There shall be a Committee on Agriculture to examine all matters connected with agriculture as are dealt with by the Ministry of Agriculture and allied Ministries and to report thereon from time to time.

(a) to examine such of the activities of the Ministry of Agriculture and allied Ministries as may seem fit to the Committee;

(b) to report what economies, improvements in organisation, efficiency or administrative reform consistent with the policy approved by Parliament, may be effected;

(c) to examine the Annual Reports of the Ministry of Agriculture and allied Ministries with a view to finding out whether the expenditure incurred was commensurate with the results achieved;

(d) to examine such of the plan projects/ activities of the Ministry of Agriculture and allied Ministries as may seem fit to the Committee or are specially referred to it by the House or the Speaker; and

(e) to evaluate and suggest measures for modernisation and overall development of agriculture and agricultural industries with a view to enhancing their contribution to economic growth through supplies of food, raw materials and projects for exports, etc.

331D Constitution.—(1) The Committee shall consist of not more than 22 members comprising 15 members to be nominated by the Speaker every year from amongst the members of Lok Sabha and not more than 7 members of Rajya Sabha to be nominated by the Chairman, Rajya Sabha for being associated with the Committee.

Provided that a Minister shall not be nominated as a member of the Committee, and that if a member, after his nomination to the Committee is appointed a Minister, he shall cease to be a member of the Committee from the date of such appointment.

(2) The term of office of the members of the Committee shall not exceed one year.

COMMITTEE ON SCIENCE AND TECHNOLOGY

331E Functions.—There shall be a Committee to examine all matters dealt with by the Ministry of Science and Technology and allied Ministries and to report thereon from time to time. The functions of the Committee shall be :

(a) to examine such of the activities of the Ministry of Science and Technology and allied Ministries as may seem fit to the Committee ;

(b) to report what economies, improvements in organisation, efficiency or administrative reform consistent with the policy approved by Parliament may be effected;

(c) to examine the Annual Reports of the Ministry of Science and Technology and allied Ministries with a view to finding out whether the expenditure incurred was commensurate with the results achieved;

(d) to examine such of the plan projects/activities of the Ministry of Science and Technology and allied Ministries as may seem fit to the Committee or are specially referred to it by the House or the Speaker ;

(e) to study the policies and programmes of Government in the field of science and technological development;

(f) to examine and evaluate Government sponsored or aided activities for the promotion of research and development and their application to industry and agriculture as well as to the security of the nation;

(g) to examine matters affecting scientific and technological institutions, e.g. financial personnel, purchase and import policies and practices ;

(h) to examine the plans and programmes in bio-technology;

(i) to examine measures for development and utilisation of scientific man-power; and

(j) to suggest measures for promoting economic development through increased use of scientific and technological innovations.

331F Constitution.—(1) The Committee shall consist of not more than 22 members comprising 15 members who shall be nominated by the Speaker every year from amongst the members of Lok Sabha and not more than 7 members of Rajya Sabha to be nominated by the Chairman, Rajya Sabha for being associated with the Committee.

Provided that a Minister shall not be nominated as a member of the Committee, and that if a member, after his nomination to the Committee, is appointed a Minister he shall cease to be a member of the Committee from the date of such appointment.

(2) The term of office of the members of the Committee shall not exceed one year."

SUBHASH C. KASHYAP,

Secretary-General."

"संख्या 2930

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (छठा संस्करण) मे संशोधन

लोक सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (छठा संस्करण) के नियम 331 के उपनियम (3) के अनुसरण में उक्त नियमों में लोक सभा द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित संशोधन एतद्द्वारा प्रकाशित किये जाते हैं:—

नियम 2

1. (एक) नियम 2 के उपनियम (1) में, "मंत्री" की परिभाषा मे "किसी सदस्य" के पश्चात् "जिसमें मन्त्रिमंडल का कोई सदस्य भी शामिल है" अतः स्थापित किया जायेगा;

(दो) नियम 2 के उपनियम (1) में, "मंत्री" शब्द की परिभाषा के पश्चात् अंत में निम्नलिखित स्पष्टीकरण जोड़ा जाएगा, अर्थात्:—

व्याख्या: संसदीय सचिव, जो सभा का सदस्य नहीं है, इसकी बैठकों में भाग लेने का हकदार नहीं।

नियम 7

2. नियम 7 के उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(3) कार्य-सूची में, जिस सदस्य के नाम में कोई प्रस्ताव हो वह जब तक वह यह नहीं कहता है कि वह प्रस्ताव प्रस्तुत करना नहीं चाहता, प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए पुकारे जाने पर प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा। किसी भी मामले में वह अपना कथन इस बात तक ही सीमित रखेगा कि वह प्रस्ताव प्रस्तुत करता है या कि वह प्रस्ताव प्रस्तुत करना नहीं चाहता है।"

नियम 8

3. नियम 8 के उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:--

(3) कार्य-सूची में जिस सदस्य के नाम में कोई प्रस्ताव हो वह, जब तक वह नहीं कहता है कि वह प्रस्ताव प्रस्तुत करना नहीं चाहता, प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए पुकारे जाने पर प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा। किसी भी मामले में वह अपना कथन इस बात तक ही सीमित रखेगा कि वह प्रस्ताव प्रस्तुत करना है या कि वह करना नहीं चाहता है।"

नियम 12

4. नियम 12 के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा; अर्थात्:--

12. "बैठक का प्रारम्भ और समाप्ति—जब तक अध्यक्ष अन्यथा निदेश न दे, सभा की बैठक प्रति दिन साधारणतया 11.00 बजे प्रारम्भ होगी तथा 18.00 बजे समाप्त हो जाएगी जिसमें एक घंटे का मध्याह्न भोजनावकाश होगा जो साधारणतया 13.00 बजे से 14.00 बजे तक होगा।"

नियम 14

5. नियम, 14 का लोप किया जाएगा।

नियम 15

6. (एक) नियम 15 को उसके उपनियम (1) के रूप में पुनःसंख्यांकित किया जाएगा; और

(दो) परन्तुक के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम (2) जोड़ा जाएगा, अर्थात्:--

"(2) यदि सभा के स्थगन के बाद उपनियम (1) के परन्तुक के अधीन सभा पुनः बुलायी जाती है तो महासचिव प्रत्येक सदस्य को सत्र के अगले भाग की तिथि, समय, स्थान तथा अवधि की सूचना देगा।"

(तीन) पार्श्व शीर्षक में, अंत में "और उसे पुनः बुलाने की प्रक्रिया" जोड़ा जाएगा।

नियम 20

7. (एक) नियम 20 को उसके उपनियम (1) के रूप में पुनःसंख्यांकित किया जाएगा; और

(दो) निम्नलिखित उपनियम (2) जोड़ा जाएगा, अर्थात्:--

"(2) प्रस्तावक अथवा प्रस्ताव का अनुमोदन करने वाले को प्रधान मंत्री अथवा किसी अन्य मंत्री द्वारा सरकार की स्थिति स्पष्ट किये जाने के बाद चर्चा के अंत में उत्तर देने का कोई अधिकार नहीं होगा।"

(तीन) पार्श्व शीर्षक के स्थान पर निम्नलिखित पार्श्व शीर्षक प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:--

"उत्तर देने का अधिकार"

नियम 27

8. नियम 27 के उपनियम (2) के दूसरे परन्तुक के पश्चात् निम्नलिखित अतिरिक्त परन्तुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:--

"परन्तु यह और भी कि जहां गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति ने उपनियम (1) के खंड (ज) के अंतर्गत आने वाले विधेयकों को श्रेणी "क" के रूप में वर्गीकृत किया हो; और ऐसे विधेयकों की संख्या बीस या उससे अधिक हो तो; श्रेणी "ख" के विधेयकों का बैलट नहीं किया जाएगा।"

नियम 28

9. नियम 28 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् :--

28. "गैर-सरकारी सदस्यों के संकल्पों की पूर्ववर्तिता.—संकल्प प्रस्तुत करने के इच्छुक सदस्यों के नामों का बैलट (लाटरी) अध्यक्ष द्वारा दिये गये आदेशों के अनुसार ऐसे दिन किया जाएगा, जिसका अध्यक्ष निदेश दे।"

नियम 34

10. (एक) नियम 34 के उपनियम (1) में खंड (क) से पूर्व निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"(क) प्रश्न का पाठ;"

(दो) वर्तमान खंड (क) और (ख) को क्रमशः (ख) और (ग) के रूप में पुनराक्षराकित किया जाएगा;

(तीन) इस प्रकार पुनराक्षराकित खंड (ख) में "और" का लोप किया जाएगा;

(चार) इस प्रकार पुनराक्षराकित खंड (ग) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा :--

"(ग) वह तिथि जिसको प्रश्न का उत्तर वांछित हो; और"

(पांच) नियम 34 के उपनियम (1) में निम्नलिखित नया खंड (घ) जोड़ा जायेगा, अर्थात् :--

"(घ) यदि कोई सदस्य एक ही दिन के लिए प्रश्नों की एक से अधिक सूचनाएं देता है, तो प्रश्न सूची में रखे जाने के लिए प्राथमिकता क्रम, यदि कोई हो।"

नियम 37

11. (एक) नियम 37 के उपनियम (1) में "तारांक" से पूर्व "एक" अंतःस्थापित किया जाएगा;

(दो) नियम 37 के उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"(2) जब तक अध्यक्ष अन्यथा निदेश न दे, यदि सदस्य द्वारा प्रश्नों के लिए एक ही दिन के लिए तारांक लगा कर एक से अधिक सूचनाएं दी जाती है तो मौखिक उत्तर की प्रश्न सूची के लिए उसका प्रश्न सदस्य द्वारा दर्शाए गए क्रम में चुना जाएगा और यदि कोई क्रम नहीं दर्शाया गया है, तो इनमें से किसी भी प्रश्न को मौखिक उत्तर के लिए प्रश्न सूची में उस क्रम में रखा जाएगा, जिस समय--क्रम में उनकी सूचनाएं प्राप्त हुई हों।"

नियम 39

12. (एक) नियम 39 के उपनियम (1) में "किसी प्रश्न को उस दिन प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उपलब्ध समय में उत्तर के लिए न पुकारा जाये" शब्दों के पश्चात् "अथवा यदि पुकारा जाये किन्तु जिस सदस्य के नाम में प्रश्न हो, वह अनुपस्थित हो" शब्द अंतःस्थापित किये जायेंगे;

(दो) नियम 39 के उपनियम (2) और (3) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"(2) यदि बैठक के रद्द किये जाने या कोई कार्य किये बिना इसके स्थगन किये जाने के कारण प्रश्न काल न हो, तो मौखिक और लिखित उत्तर के लिए प्रश्नों की सूचियों में शामिल किये गये प्रश्नों के उत्तर, उन मंत्रियों के द्वारा जिन्हें वे प्रश्न सम्बोधित किये गये हों, प्रश्न काल के पश्चात् सभा की आगामी बैठक में सभा पटल पर रखे गये माने जायेंगे और उस दिन की कार्यवाही का भाग बन जायेंगे।

(3) यदि किसी दिन प्रश्न काल किसी अन्य कार्य के लिए अथवा किसी अन्य कारण से अधिक समय देने के लिए समाप्त अथवा निलंबित कर दिया जाता है, तो उस दिन के लिए मौखिक तथा लिखित उत्तरों की प्रश्न सूचियों में शामिल किये गये प्रश्नों के उत्तर, उन मंत्रियों के द्वारा जिन्हें ऐसे प्रश्न सम्बोधित किये गये हों, सभा पटल पर रखे गये माने जायेंगे और उस दिन की कार्यवाही का भाग बन जायेंगे

परन्तु यदि सभा प्रश्न काल समाप्त अथवा निलंबित करने के पश्चात् अपनी बैठक को जारी नहीं रखती है, तो उस दिन के लिए मौखिक तथा लिखित उत्तर की प्रश्न सूचियों में शामिल किये गये प्रश्नों के उत्तर सभा की अगली बैठक में प्रश्न काल के पश्चात् सभा पटल पर रखे जायेंगे और उस दिन की कार्यवाही का भाग बन जायेंगे

परन्तु यह भी कि यदि प्रश्न काल में मौखिक उत्तर के लिए प्रश्नों की सूची को ले लिए जाने के पश्चात् व्यवधान पड़ जाता है और सूची आंशिक रूप से निबटायी जाती है और बैठक जारी रहती है तो मौखिक उत्तर के लिये प्रश्नों की सूची के शेष प्रश्नों के उत्तर तथा लिखित उत्तर के लिये प्रश्नों की सूची के प्रश्नों के उत्तर 12 बजे के पश्चात् सभा पटल पर रखे गये माने जायेंगे और उस दिन की कार्यवाही का भाग बन जायेंगे ।

(तीन) नियम 39 में निम्नलिखित नया उपनियम (4) जोड़ा जायेगा, अर्थात् --

"(4) यदि किसी सत्र की अन्तिम बैठक रद्द हो जाती है तो उस दिन के लिए मौखिक तथा लिखित उत्तर के लिए प्रश्नों की सूचियों में रखे गए प्रश्न व्यपगत हो जायेंगे ।"

नियम 41

13 (एक) नियम 41 के उपनियम (2) में, खंड (एक) से पूर्व निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(एक) यह स्पष्ट और सूक्ष्म रूप से अभिव्यक्त किया जाएगा तथा इतना अधिक सामान्य नहीं होगा कि उसका कोई विशिष्ट उत्तर न दिया जा सके अथवा सूचक प्रश्न के रूप में नहीं होगा ;"

(दो) इस प्रकार अंत:स्थापित किए गए खंड (एक) के पश्चात विद्यमान खंड (एक) से (बाईस) को तदनुसार पुनर्संख्यांकित किया जाएगा ;

(तीन) इस प्रकार पुनर्संख्यांकित खंड (उन्नीस) में "पर्वेन संबंधित" शब्दों के स्थान पर "का पर्वेन कोई सरोकार" शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे ।

(चार) इस प्रकार पुनर्संख्यांकित खंड (इक्कीस) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् --

"(इक्कीस) उसमें ऐसे विषयों के बारे में जानकारी नहीं मांगी जाएगी जो गोपनीय स्वरूप के हों जैसे मंत्रिमंडल समितियों की रचना, मंत्रिमंडल में की जाने वाली चर्चाएं या राष्ट्रपति को किसी ऐसे विषय में दी गई मंत्रणा जिसके संबंध में जानकारी प्रकट न करने का संवैधानिक, संविहित या रूढ़िगत दायित्व हो ।"

नियम 45

14 नियम 40 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

45 "अतारांकित प्रश्नों की संख्या सीमा—(1) जो प्रश्न गृहीत कर लिये गये हों और मौखिक उत्तर के लिये प्रश्न सूची में शामिल न किए गये हों, अध्यक्ष के आदेश के अनुसार लिखित उत्तर के लिये प्रश्न सूची में दर्ज कर दिये जायेंगे ।

(2) किसी दिन की लिखित उत्तर के लिये प्रश्न सूची में एक सदस्य के, यदि मौखिक उत्तर के लिये प्रश्न सूची में उसका एक प्रश्न दर्ज है, चार से अनधिक और यदि मौखिक उत्तर के लिये प्रश्न सूची में उसका एक भी प्रश्न दर्ज नहीं है तो पांच से अनधिक तथा कुल मिलाकर 230 से अनधिक प्रश्न दर्ज किए जायेंगे

परन्तु ये सीमाएं लिखित उत्तर के लिये किसी प्रश्न-सूची से अन्य प्रश्न सूची में स्थानान्तरित अथवा स्थगित प्रश्न संख्या के अनुसार बढ़ाई जा सकेंगी

परन्तु यह भी कि किसी दिन की लिखित उत्तर के लिये प्रश्न सूची 230 प्रश्नों की कुल सीमा राष्ट्रपति शासन के अधीन राज्य अथवा राज्यों से संबंधित प्रश्न संख्या जो अधिक से अधिक 25 होगी, के अनुसार बढ़ सकेगी ।"

नियम 48

15 नियम 48 के उपनियम (3) में 'पुकारे जाने पर न पूछा जाये या" शब्दों के स्थान पर "पुकारे जाने पर इस कारण न पूछा जाए कि" शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे ।

नियम 50

16 नियम 50 में,—

(एक) उपनियम (1) को उपनियम (3) के रूप में पुनर्संख्यांकित किया जायेगा ।

(दो) उपनियम (2) को उपनियम (1) के रूप में पुनर्संख्यांकित किया जायेगा और इस प्रकार पुनर्संख्यांकित उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् —

"(1) कोई सदस्य, जिसके नाम मौखिक उत्तर के लिए प्रश्न सूची में प्रश्न दर्ज है अथवा कोई अन्य सदस्य अध्यक्ष द्वारा पुकारे जाने पर किसी ऐसे तथ्यात्मक विषय के अग्रेतर विशदीकरण के प्रयोजन के लिये जिसके बारे में उत्तर दिया गया है, अनुपूरक प्रश्न पूछ सकेगा ।"

(तीन) उपनियम (1) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम (2) अंत:स्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"(2) किसी अनुपूरक प्रश्न को अध्यक्ष द्वारा नियम के विरुद्ध ठहराया जायेगा यदि उसकी राय में :

(एक) वह मुख्य प्रश्न अथवा उसके उत्तर से उत्पन्न नहीं होता ,

(दो) वह जानकारी मांगने की अपेक्षा, जानकारी देता है ,

(तीन) उसमें एक से अधिक अलग प्रश्न अंतर्ग्रस्त हैं ;

(चार) उससे किसी राय की पुष्टि अथवा अस्वीकृति के बारे में जानकारी मांगी गई है, और

(पांच) वह प्रश्नों के बारे में किसी नियम का उल्लंघन करता है ।"

नियम 55

17 नियम 55 के उपनियम (5) में "संबंधित मंत्री संक्षेप में उत्तर देगा । जिस सदस्य ने अध्यक्ष को पहले से सूचित कर दिया हो उसे किसी तथ्य विषय के अग्रेतर विशदीकरण के प्रयोजन से प्रश्न पूछने की अनुज्ञा दी जा सकेगी ."

शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित शब्द प्रतिस्थापित किये जाएंगे, अर्थात् —

"जिन सदस्यों ने अध्यक्ष को पहले से सूचित कर दिया हो वे किसी तथ्य विषय के अग्रेतर विशदीकरण के प्रयोजन से प्रश्न पूछ सकेंगे । तत्पश्चात् मंत्री संक्षेप में उत्तर देगा ,"

नियम 57

18. नियम 57 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"सूचना 57. स्थगन प्रस्ताव की सूचना उस दिन जिस दिन कि प्रस्ताव करने का विचार हो, 10.00 बजे तक महासचिव को दी जाएगी और उसकी प्रतियां निम्नलिखित को पृष्ठांकित की जाएंगी :—

(1) अध्यक्ष ;

(2) संबंधित मंत्री ;

(3) संसदीय कार्य मंत्री :

परन्तु 10.00 बजे के बाद प्राप्त सूचनाओं को सभा की अगली बैठक के दिन 10.00 बजे प्राप्त हुआ समझा जाएगा ।

परन्तु यह भी कि कोई भी सदस्य किसी एक बैठक के लिए एक से अधिक सूचना नहीं देगा ।

व्याख्या—(एक) जहां किसी सूचना पर एक से अधिक सदस्यों के हस्ताक्षर हों वहां यह समझा जाएगा कि उसे केवल प्रथम हस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिया गया है ।

(दो) किसी बैठक के लिए एक ही विषय पर वैध सभी सूचनाओं को सापेक्ष वरीयता निर्धारित करने के लिए बैलट किया जाएगा।

नियम 58

19. नियम 58 के खंड (तीन) में "विषय" शब्द के पश्चात् निम्नलिखित शब्द अन्तःस्थापित किये जाएंगे, अर्थात् :—

"जिसकी जिम्मेदारी भारत सरकार की हो,"

नियम 69

2. नियम 69 के उपनियम (2) के परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु जहां किसी विधेयक में कोई खंड जिसमे व्यय अंतर्गत हो अनजाने मे मोटे टाइप या तिरछे अक्षरों मे न छापा जाए, विधेयक का भारसाधक सदस्य अध्यक्ष की अनुमति से ऐसे खंडों को सभा की जानकारी में लाएगा ।"

नियम 72

21. (एक) नियम 72 को उसके उपनियम (1) के रूप मे पुनः संख्यांकित किया जाएगा, और

(दो) परन्तुकों के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम (2) जोड़ा जाएगा अर्थात् :—

"(2) किसी विधेयक को पुरःस्थापित करने का विरोध करने की सूचना महासचिव को सम्बोधित की जाएगी और उस दिन 10.00 बजे तक दी जाएगी जिस दिन विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति का प्रस्ताव कार्यसूची मे शामिल किया गया हो ।"

नियम 74

22. नियम 74 के पहले परन्तुक में "जिसमे संविधान के अनुच्छेद 110 के खंड (1) के उपखंड (क) से (च) मे उल्लिखित विषयों में से किसी के लिए उपबन्ध हो" शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित शब्द प्रतिस्थापित किये जाएंगे, अर्थात् :—

"यदि उसमें केवल ऐसे उपबन्ध हों जो संविधान के अनुच्छेद 110 के खंड (1) के उपखंड (क) से (छ) मे उल्लिखित सभी विषयों या उनमें से किसी विषय से संबंधित हों ।"

नियम 75

23. नियम 75 के उपनियम (3) के दूसरे परन्तुक मे "जिसमें संविधान के अनुच्छेद 110 के खंड (1) के उपखंड (क) से (च) मे उल्लिखित विषयों से किसी के लिए उपबन्ध हो" शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित शब्द प्रतिस्थापित किये जाएंगे ; अर्थात्

"यदि उसमे केवल ऐसे उपबन्ध हों जो संविधान के अनुच्छेद 110 के खंड (1) के उपखंड (क) से (छ) मे उल्लिखित सभी विषयों या उनमे से किसी विषय से संबंधित हों ।"

नियम 84

24. नियम 84 मे "प्रस्तुत किए गए" शब्दों के स्थान पर "प्रस्तावित" शब्द प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

नियम 111

25. नियम 111 मे "प्रस्तुत करने वाले तथा प्रस्ताव का विरोध करने वाले सदस्य" शब्द के स्थान पर निम्नलिखित शब्द प्रतिस्थापित किये जाएगे, अर्थात् :—

"का विरोध करने वाले तथा प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले सदस्यों को ।"

नियम 186

26. (एक) नियम 186 का खंड (सात)—यह संशोधन हिन्दी पाठ पर लागू नहीं होगा ।

(दो) नियम 186 में खंड (आठ) के पश्चात् निम्नलिखित नए खंड जोड़े जायेंगे, अर्थात् :—

(नौ) यदि उसमे कोई कथन हो तो सदस्य को उस कथन की परिशुद्धता के लिए उत्तरदायी होना पड़ेगा ;

(दस) उसमें गैर सरकारी सदस्य द्वारा सभा पटल पर रखे गये दस्तावेज अथवा पत्र पर चर्चा की मांग नहीं की जाएगी ;

(ग्यारह) सामान्यतया वह किसी संसदीय समिति के विचाराधीन मामलों से संबंधित नहीं होगा ;

(बारह) उसमे राय प्रकट करने या किसी अमूर्त विधि सम्बन्धी प्रश्न या किसी काल्पनिक प्रस्थापना के समाधान के लिए नहीं पूछा जाएगा ;

(तेरह) वह उस विषय से संबंधित नही होगा जो मुख्यतया भारत सरकार का विषय न हो ;

(चौदह) उसमे ऐसे निकायों या व्यक्तियों के नियंत्रणाधीन विषय नही उठाये जायेंगे जो मुख्यतया भारत सरकार के प्रति उत्तरदायी न हो ;

(पंद्रह) उसका किसी ऐसे विषय से संबंध नही होगा जिससे मंत्री पदेन संबंधित न हो ;

(सोलह) उसमे किसी मित्र देश के प्रति अविनय पूर्ण निर्देश नही होगा ;

(सत्रह) उसमें ऐसे विषयों के बारे में निर्देश नही किया जाएगा या उनके बारे मे जानकारी प्रकट करने की मांग नहीं की जायेगी जो गोपनीय स्वरूप के हों, जैसे मंत्रिमंडल मे की जाने वाली चर्चाएं या राष्ट्रपति को किसी ऐसे विषय के बारे मे दी गई मंत्रणा जिसके संबंध में जानकारी प्रकट न करने का संवैधानिक, सांविहित रूढ़िगत दायित्व हो ; और

(अठारह) वह किसी तुच्छ विषय मे संबंधित नहीं होगा ।"

नियम 189

27. नियम 189 में, "तुरन्त" शब्द का लोप किया जाएगा।

नियम 190

28. नियम 190 में, "सभा नेता के परामर्श से" शब्दों के पश्चात "या कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश पर" अन्तःस्थापित किया जाएगा।

नियम 197

29. (एक) नियम 197 के उपनियम (2) की व्याख्या चार में "पांच से कम" शब्दों के स्थान पर "पांच या कम" शब्द प्रतिस्थापित किये जाएंगे।

(दो) नियम 197 के उपनियम (3) के परन्तुक में, "बैठक की समाप्ति पर अथवा उससे तुरन्त पहले "शब्दों का स्थान पर" ऐसे समय" शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे।

नियम 199

30. (एक) नियम 199 के उपनियम (1) में, "वह" के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: —

"उस सत्र के दौरान किसी दिन जिसमें राष्ट्रपति द्वारा त्यागपत्र स्वीकार किया गया हो :

परन्तु यदि राष्ट्रपति द्वारा त्यागपत्र ऐसे समय स्वीकार किया जाता है जब सभा का सत्र न हो तो सदस्य सत्र शुरू होने की तारीख से सात दिन के भीतर शीघ्र ही किसी दिन ऐसा वक्तव्य दे सकेगा।"

(दो) नियम 199 के उपनियम (2) में, "उससे" शब्द के पश्चात "कम से कम" शब्द अन: स्थापित किए जाएंगे।

(तीन) नियम 199 के उपनियम (2) के परन्तुक का लोप किया जाएगा।

नियम 201

31. नियम 201 के उपनियम (2) में, "सिवाय" उस दशा में जबकि वह उसे वापस लेना चाहता हो, प्रस्ताव करने के लिए पुकारे जाने पर उसे प्रस्तुत करेगा किन्तु" शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:—

"जब तक वह यह नहीं कहता है कि वह प्रस्ताव प्रस्तुत करना नहीं चाहता, प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए पुकारे जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा, किन्तु इनमें से किसी भी मामले में"।

नियम 218

32. (एक) नियम 218 के उपनियम (2) का लोप किया जाएगा।

(दो) नियम 218 के उपनियम (4) से (6) को क्रमशः उपनियम (2) से (4) के रूप में पुनर्संख्यांकित किया जाएगा।

(तीन) विद्यमान उपनियम (3) को उपनियम (5) के रूप में पुनर्संख्यांकित किया जाएगा और इस प्रकार पुनर्संख्यांकित उप नियम (5) में "सभी या किसी प्रकम पर जिसके लिए उप-नियम (2) के अन्तर्गत एक या कई दिन नियत किए हों" शब्दों का लोप किया जाएगा।

नियम 219

33 (एक) नियम 219 के उपनियम (2) में "17.00 बजे" अंकों और शब्द के स्थान पर "विनिर्दिष्ट समय पर" तथा "रखना" शब्द के स्थान पर "रख सकेगा" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

(दो) नियम 219 के उपनियम (2) के परन्तुक में, क्रमशः "उस दिन 16.00 बजे" शब्दों और अंकों के स्थान पर "विनिर्दिष्ट समय से एक घण्टे पूर्व" शब्द और "17.00 बजे" अंकों और शब्दों के स्थान पर "विनिर्दिष्ट समय पर" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

(तीन) नियम 219 के उपनियम (3) में, "17.00 बजे" अंकों और शब्द के स्थान पर "विनिर्दिष्ट समय पर" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

नियम 223

34. (एक) नियम 223 में, "की बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व" शब्दों के स्थान पर "10.00 बजे तक" अंक और शब्द प्रतिस्थापित किए जायेंगे।

(दो) नियम 233 में, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात्—

"परन्तु 10.00 बजे के पश्चात प्राप्त सूचनाओं को सभा की अगली बैठक के दिन 10 00 बजे प्राप्त हुई सूचनाएं समझा जाएगा।"

नियम 257

35. नियम 257 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् — "

257 "समिति से पद त्याग (1) कोई सदस्य निम्नलिखित प्रपत्र में अध्यक्ष को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा समिति से अपने स्थान का त्याग कर सकेगा।

सेवा में,

अध्यक्ष महोदय,

लोक सभा।

नई दिल्ली।

महोदय,

मैं एतद्द्वारा .....को समिति की सदस्यता से पदत्याग करता हूं जो (दिनांक) .....से प्रभावी होगा।

भवदीय,

स्थान.....दिनांक .. ..(सदस्य का नाम)

(2) यह पदत्याग पत्र में उल्लिखित तिथि से प्रभावी होगा।

(3) यदि त्यागपत्र में पदत्याग के प्रभावी होने की तिथि का उल्लेख नहीं किया है, तो यह पदत्याग, की तिथि से प्रभावी होगा।

(4) यदि त्यागपत्र पर कोई तिथि नहीं है, तो यह पदत्याग लोक सभा सचिवालय में त्यागपत्र की प्राप्ति से प्रभावी होगा।"

नियम 309

36. (एक) नियम 309 के उपनियम (1) में "पन्द्रह से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जो" शब्दों तथा अंकों के स्थान पर "22 से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जिनमें से 15 सदस्य" शब्द तथा अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

(दो) इस प्रकार संशोधित नियम 309 के उपनियम (1) के अन्त में निम्नलिखित शब्द जोड़े जाएंगे, अर्थात्:—

"और समिति के साथ सहयोजित किए जाने के लिए राज्य सभा द्वारा उस सभा से सात से अनधिक सदस्य नाम-निर्दिष्ट किए जाएंगे।"

नियम 312 ख

37. (एक) नियम 312 ख के उपनियम (1) में 'पन्द्रह' से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जो शब्दों तथा अंकों के स्थान पर '22 से अधिक सदस्य नहीं होंगे जिनमें से 15 सदस्य' शब्द तथा अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

(दो) इस प्रकार संशोधित नियम 312ख के उपनियम (1) के अंत में निम्नलिखित शब्द जोड़े जाएंगे अर्थात्:—

"और समिति के साथ सहयोजित किए जाने के लिए राज्य सभा द्वारा उस सभा से सात से अनधिक सदस्य नामनिर्दिष्ट किए जाएंगे ।"

(तीन) नियम 312ख के उपनियम (2) के परन्तुक का लोप किया जाएगा ।

नियम 331ख

38. (एक) 331ख के उपनियम (1) में 'बीस से अधिक सदस्य नहीं होंगे जो' में के स्थान पर तीस से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जिनमे से बीस सदस्य' प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

(दो) इस प्रकार संशोधित नियम 331ख के उपनियम (1) के अन्त में निम्नलिखित शब्द जोड़े जाएंगे अर्थात्:—

"और समिति के साथ सहयोजित किए जाने के लिए राज्य सभा उस सभा से दस से अनधिक सदस्य नाम-निर्दिष्ट किए जाएंगे।"

(तीन) नियम 331ख के उपनियम (2) के परन्तुक का लोप किया जाएगा ।

नियम 349

39. (एक) नियम 349 के खण्ड (नौ) में 'सभा में भाषण दिए जा रहे हों के स्थान पर 'कोई दूसरा सदस्य बोल रहा हो' प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

(दो) नियम 349 के खण्ड (ग्यारह) का लोप किया जाएगा ।

(तीन) नियम 249 के खण्ड (दस) के पश्चात् निम्नलिखित नए खंड जोड़े जाएंगे, अर्थात्:

"(ग्यारह) सभा में नारे नहीं लगाएगा ;

(बारह) अध्यक्ष पीठ की ओर पीठ करके नहीं बैठेगा या खड़ा नहीं होगा ;

(तेरह) सभा में अध्यक्ष पीठ के पास स्वयं नहीं जाएगा । यदि आवश्यक हो तो वह पटल अधिकारी को पर्चियां भेज सकता है ;

(चौदह) सभा मे किसी प्रकार के बिल्ले नहीं लगाएगा या प्रदर्शित नहीं करेगा ;

(पंद्रह) सभा मे शस्त्र नहीं लाएगा या प्रदर्शित नहीं करेगा ;

(सोलह) सभा म झंडे, प्रतीक, या कोई प्रदर्शन प्रदर्शित नहीं करेगा।

(सत्रह) अपना भाषण देने के तुरन्त बाद सभा से बाहर नहीं जाएगा।

(अठारह) संसद् भवन के परिसर में ऐसे साहित्य, प्रश्नावली पुस्तिकाओं, प्रेस टिप्पणियों, पर्चों इत्यादि का वितरण नहीं करेगा जो सभा के कार्य से संबंधित न हो ;

(उन्नीस) सभा में डेस्क पर अपना हैट/टोपी नहीं रखेगा, फाइलें रखने या लेखन कार्य के लिए सदन में फलक नहीं लाएगा, सभा में धूम्रपान नहीं करेगा या बांह पर कोट लटकाकर सभा में प्रवेश नहीं करेगा ;

(बीस) जब तक स्वास्थ्य के आधार पर अध्यक्ष से अनुमति न दी गई हो, सभा भवन में छड़ी नहीं लाएगा ;

(इक्कीस) सभा में अभ्यापत्ति पूर्वक दस्तावेजों को नहीं फाड़ेगा ;

(बाइस) सभा में कैसेट या टेप रिकार्डर नहीं लाएगा या बजाएगा ;

(तेईस) लाबी में इतनी जोर से बात नहीं करेगा अथवा हुर्रेगा जो सभा में सुनाई दे ।

नियम 352

40. (एक) नियम 352 के खंड (दो) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:

"(दो) सभा के किसी अन्य सदस्य पर कोई हेतु का लांछन लगाते हुए अभिकथन नहीं करेगा या उसकी सद्भावना पर आपत्ति करके उसका वैयक्तिक निर्देश नहीं करेगा जब तक कि ऐसा निर्देश विचाराधीन प्रश्न या सुसंगत होने के कारण वाद-विवाद के प्रयोजनों के लिए अनिवार्यतः आवश्यक न हो ।"

(दो) नियम 352 के खंड (सात) में "और" शब्द का लोप किये जाएगा ।

(तीन) नियम 352 के खंड (आठ) के पश्चात् निम्नलिखित नए खंड जोड़े जाएंगे, अर्थात्:—

(नौ) किसी भी दीर्घा में बैठे हुए अजनबियों के प्रति कोई निर्देश नहीं करेगा ;

(दस) सरकारी अधिकारियों का नाम लेकर उल्लेख नहीं करेगा ;

(ग्यारह) अध्यक्ष-पीठ की पूर्व अनुमति के बिना लिखित भाषण नहीं पढ़ेगा ।

नियम 353

41. नियम 353 में "पूर्व सूचना" के स्थान पर 'यथोचित अग्रिम सूचना" प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

नियम 367

42. नियम 367 के उपनियम (3) के खंड (ख) में "दो मिनट" के स्थान पर "तीन मिनट और तीस सैकंड" प्रतिस्थापित किया जाएगा।

नियम 377

43 नियम 377क के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:

377. "ऐसा विषय उठाना जो औचित्य प्रश्न न हो. जो सदस्य सभा की जानकारी में कोई ऐसा विषय लाना चाहे जो औचित्य प्रश्न न हो तो वह उठाए जाने वाले विषय के पाठ की सूचना स्पष्ट तथा सही रूप से लिखित रूप में महासचिव को देगा । सदस्य को ऐसा प्रश्न उठाने की अनुज्ञा अध्यक्ष द्वारा सम्मति दिए जाने के बाद ही नया ऐसे समय और तिथि के लिए दी जाएगी जो अध्यक्ष निश्चित करे ।"

44 नए नियम 377क, 377ख और 377ग

44. सूचनाओं की शर्तें. नियम 377क के पश्चात् निम्नलिखित नए नियम अंत: स्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:

377क. सूचना को ग्राह्य बनाने के लिए निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी:

(एक) वह उस विषय से संबंधित नहीं होगा, जो मुख्यतया भारत सरकार से संबंधित नहीं है ;

(दो) वह उस विषय के संबंध में नहीं होगा जिस पर उसी सत्र में चर्चा की जा चुकी हो अथवा सत्र के दौरान इस नियम के अंतर्गत सदस्य द्वारा पहले उठाए गए विषय के समान हो ;

(तीन) उसमें 250 से अधिक शब्द नहीं होंगे ;

(चार) उसमें एक से अधिक प्रश्न नहीं उठाए जायेंगे ;

(पांच) उसमें प्रतर्क, अनुमान व्यंग्यात्मक पद, अभ्यारोप, विशेषण या मानहानिकारक कथन नहीं होंगे, और

(छ) उसमें संसदीय/सलाहकार समिति की कार्यवाही वृत्तांतों का उल्लेख नहीं किया जायेगा ।

377-ख—सूचनाएं देने के लिए समय और उनकी वैधता एक.—सप्ताह दौरान पहली बैठक प्रारंभ होने के समय से सप्ताह के अंतिम दिन जब सभा की बैठक हो, 10 00 बजे तक प्राप्त होने वाली सूचनायें उस सप्ताह के लिये वैध होंगी ।

(दो) सप्ताह के अंतिम दिन, जिस दिन सभा की बैठक हो, 10 00 बजे के बाद प्राप्त होने वाली सूचनायें अगले सप्ताह के लिये वैध होंगी । उस दिन 10 00 बजे के बाद तथा 10.30 बजे तक प्राप्त सूचना उसी समय दी गई सूचनायें समझी जायेंगी तथा सदस्यों की पारस्परिक प्राथमिकता निश्चित करने के लिये इनका बैलेट किया जायेगा । बाद में प्राप्त होने वाली सूचनायें उनके प्राप्त होने की तिथि तथा समय के अनुसार क्रमबद्ध की जायेंगी ।

(तीन) उस सप्ताह के दौरान जिनके लिये उन्हें दिया गया है, न चुनी गई सूचनायें, सप्ताह के अंत में व्यपगत हो जायेंगी;

परन्तु अध्यक्ष के आदेश के अधीन सभा के लिये निर्दिष्ट कोई सूचना उसके अंतिम रूप से निपटाये जाने तक व्यपगत नहीं होगी ।

377ग. विषय उठाने पर प्रतिबंध.—(एक) कोई भी सदस्य सप्ताह के दौरान एक से अधिक विषय नहीं उठायेगा,

(दो) केवल अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित पाठ ही कार्यवाही वृत्तांत में शामिल किया जायेगा ।

चौथी अनुसूची

45 लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (छठा संस्करण) की चौथी अनुसूची में .—

1. भाग 1 में,

(ए) प्रविष्टि दो में "औद्योगिक" से पूर्व "भारतीय" शब्द अन्तःस्थापित किया जायेगा ।

(बी) प्रविष्टि तीन में "कारपोरेशन" शब्द का लोप किया जायेगा ।

(तीन) प्रविष्टि चार में "इंटरनेशनल" शब्द का लोप किया जायेगा ।

(चार) प्रविष्टि पांच में "जीवन" से पूर्व "भारतीय" शब्द अन्तःस्थापित किया जायेगा ।

(पांच) प्रविष्टि 11 का लोप किया जायेगा ।

(छ) प्रविष्टि 12 को "11" के रूप में पुनर्संख्यांकित किया जाएगा ।

2 भाग 3 में,

(ए) प्रविष्टि एक में "एयरक्राफ्ट" शब्द के स्थान पर "एयरोनोटिक्स" शब्द प्रतिस्थापित किया जायेगा ।

(बी) प्रविष्टि चार में, "वर्कशाप" शब्द के स्थान पर "शिपबिल्डर्स" एण्ड "इंजीनियर्स" शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे ।

सुभाष काश्यप,

महासचिव ।"

"No. 2930

Amendments to the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Sixth Edition)

In pursuance of sub-rule (3) of rule 331 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Sixth Edition), the following amendments approved by Lok Sabha to the said Rules are hereby published :—

Rule 2

1. (i) In sub-rule (1) of rule 2, in the definition of the term "Minister", after the word "Ministers", the words "and includes a member of the Cabinet", shall be inserted;

(ii) In sub-rule (1) of rule 2, after the definination of the term "Minister", the following Explanation shall be added at the end namely :—

"Explanation:—A Parliamentary Secretary who is not a member of the House, is not entitled to attend its sitting."

Rule 7

2. For sub-rule (3) of 7, the following shall be substituted, namely :—

"(3) A member in whose name a motion stands on the list of business shall, unless he states that he does not wish to move the motion, move the motion when called upon to do so. In either case he shall continue himself to a mere statement to the effect that he moves the motion or that he does not intend to move the motion."

Rule 8

3. For sub-rule (3) of rule 8, the following shall be substituted, namely :—

"(3) A member in whose name a motion stands on the list of business shall unless he states **that he doe not wish to** move the motion, move the motion when called upon to do so. In either case he shall confine himself to a mere statement to the effect that he moves the motion or that he does not intend to move the motion."

Rule 12

4. For rule 12, the following shall be substituted, namely :—

12. "Commencement and conclusion of sitting.—Unless the Speaker otherwise directs, sitting of the House on any day shall ordinarily commence at 11.00 hours and conclude at 18.00 hours with a lunch break for one hour which may ordinarily be from 13.00 hours to 14.00 hours."

Rule 14

5. (i) Rule 14 **shall be omitted.**

Rule 15

6. (i) Rule 15 shall be renumbered as sub-rule (1) thereof and

(ii) the following sub rule (2) shall be added after the proviso, namely :—

"(2) In case the House, after being adjourned is reconvened under proviso to sub-rule (1), the Secretary-General shall communicate to each member the date, time, place and duration of the next part of the session.;"

(iii) In the marginal heading the words "and procedure for reconvening" shall be added at the end.

Rule 20

(i) Rule 20 shall be renumbered as sub-rule (1) thereof and

(ii) the following sub-rule (2) shall be added, namely :—

"(2) The mover or the seconder shall not have any right of reply after the Prime Minister or any other Minister has explained the position of the Government at the end of the discussion."

(iii) For the marginal heading the following marginal heading shall be substituted, namely :

"Right of reply"

Rule 27

8. After the second proviso to sub-rule (2) of rule 27, the following further proviso shall be inserted, namely :—

"Provided further that where the Committee on Private Members' Bills and Resolutions has classified the Bills falling under clause (h) of sub-rule (1) as category A and number thereof is twenty or more, ballot of category B Bills, may not be held".

Rule 28

9. For rule 28, the following shall be substituted, namely :—

"28. "Precedence of private members' resolutions—A ballot of names of members desiring to move a resolution shall be held in accordance with orders made by the Speaker, on such day as the Speaker may direct".

Rule 34

10. (i) In sub-rule (1) of rule 34, before clause the following shall be inserted, namely:—

"(a) the text of the question;"

(ii) Existing clauses (a) and (b) shall be relettered **as (b) and (c) respectively.**

(iii)) In clause (b) so relettered the word 'and' shall be omitted.

(iv) For clause (c) so relettered, the following shall be substituted, namely :—

"(c) the date on which answer to the question is desired, and"

(v) To sub-rule (1) of rule 34, the following new clause (d) shall be added namely:—

"(d) the order of preference if any, for its being placed on the list of questions, where a member tables more than one notice of questions for the same day"

Rule 37

11. (i) In sub-rule (1) of rule 37, after the words 'distinguished by' the word 'an' shall be inserted.

(ii) For sub-rule (2) of rule 37 the following shall be substituted, namely :—

"(2) Unless the Speaker otherwise directs, where a member has given more than one notice of questions distinguished by an asterik for same day, his question for the list of questions for oral answer shall be selected in the order indicated by the member and if no such order is indicated, any of these questions shall be placed on the list of questions for oral answer in the order in which notices are received in point of time."

Rule 39

12. (i) In sub-rule (1) of rule 39, after the words "answering questions on that day", the words "or if called for answer the member in whose name it stands is absent", shall be inserted.

(ii) For sub-rules (2) and (3) of rule 39, the following shall be substituted, namely :—

"(2) If there is no Question Hour owing to the cancellation of a sitting or its adjournment without transacting any business, the answers to questions included in the lists of questions for oral as well as written answer shall be deemed to have been laid on the Table by the Ministers to whom such questions are addressed at the next sitting of the House after the Question Hour and form part of the proceedings of that day.

(3) If the Question Hour on any day is dispensed with or suspended to devote more time on any other business or for any other reason, the answers to questions included in the list of questions for oral as well as written answers for that day shall be deemed to have been laid on the Table by the

Ministers to whom such questions are addressed and shall form part of the proceedings of the day.

Provided that if the House does not continue with its sitting after dispensing with or suspending the Question Hour the answers to question included in the lists of questions for oral as well as written answer for that day shall be deemed to have been laid on the Table after the Question Hour at the next sitting of the House and shall form part of the proceedings of that day :

Provided further that if the Question Hour is interrupted after having taken up the list of questions for oral answer and the list is partly disposed of and the sitting continues, answer to remaining questions in the list of questions for oral answers and answers to questions in the list of questions for wirtten answer shall be deemed to have been laid on the Table after 12 O'Clock and form part of the proceedings of the day."

(iii) To rule 39 the following new sub-rule (4) shall be added, namely :—

"(4) If the last sitting of a session is concelled, the questions in the lists of questions for oral as well as written answer for that day shall lapse."

Rule 41

13. (i) In sub-rule (2) of rule 41, bofore the clause (i) the following shall be inserted, namely :—

"(i) it shall be clearly and precisely expressed and shall not be too general incapable of any specific answer or in the nature of a leading question;"

(ii) After clause (i) so inserted existing clauses (i) to (xxii) shall be renumbered accordingly.

(iii) In clause (xix) so renumbered, for the word "connected" the word "concerned" shall be substituted.

(iv) For clause (xxi) so renumbered, the following shall be substituted, namely :—

"(xxi) it shall not seek information about matters which are in their nature secret, such as composition of Cabinet Committees, Cabinet discussions, or advice given to the President in relation to any matter in respect of which there is a constitutional statutory or conventional obligation not to disclose information."

Rule 45

14. For rule 45, the following shall be substituted, namely :—

45. *"Limit of number of unstarred questions".* (1) Questions which have been admitted and not included in the list of questions for oral answer shall be included in the list of questions for written answer, in accordance with the orders of the Speaker.

(2) In the list of questions for written answer on any one day, not more than four questions by the same member if he has one question in the list of questions for oral answer, and not more than five questions if he has none in the list of questions for oral answer, and not more than 230 questions in all shall be included.

Provided that these limits may be exceeded by the number of questions transferred or postponed from one list of questions for written answer to another:

Provided further that the overall limit of 230 questions in the list of questions for written answer on any one day may exceed by the number of questions pertaining to a State or States under President's Rule subject to the maximum limit of 25."

Rule 48

15. In sub-rule (3) of rule 48, for the word 'or', the word 'as' shall be substituted.

Rule 50

16. In rule 50,—

(i) sub-rule (1) shall be re-numbered as sub-rule (3).

(ii) Sub-rule (2) shall be renumbered as sub-rule (1) and for sub-rule (1) so renumbered, the following shall be substituted, namely :—

"(1) the member in whose name a question is listed for oral answer, or any other member, when called by the Speaker, may ask a supplementary question for the purpose of further elucidating any matter of fact regarding which an answer has been given."

(iii) After sub-rule (1) the following sub-rule (2) shall be inserted, namely :—

"(2) a supplementary question shall be held out of order by the Speaker if, in his opinion:

(i) it does not arise from the main question or its answer;

(ii) instead of seeking information, it gives information:

(iii) it involves more than one separate issues;

(iv) it seeks confirmation or denial of an opinion; and

(v) it infringes any of the rules regarding questions."

Rule 55

17. In sub-rule (5) of rule 55, for the words "Minister concerned shall reply shortly. Any member who has previously intimated to the Speaker may be permitted to ask a question for the purpose of further elucidating any matter of fact" the following words shall be substituted, namely:—

"Members who have previously intimated to the Speaker may ask a question for the purpose of further elucidating any matter of fact. Thereafter, the Minister shall reply shortly;"

Rule 57

18. For rule 57, the following shall be substituted, namely:—

57. Notice.—Notice of an adjournment motion shall be given by 10.00 hours on the day on which the motion is proposed to be made to the Secretary-General and copies thereof shall be endorsed to:—

(i) the Speaker;

(ii) the Minister concerned;

(ii) the Minister of Parliamentary Affairs;

Provided that notices received after 10.00 hours, shall be deemed to have been received at 10.00 hours on the next day on which the the House sits.

Provided further that no member shall give more than one such notice for any one sitting.

Explanation:—(i) Where a notice is signed by more than one member, it shall be deemed to have been given by the first signatory only.

(ii) A ballot shall be held to determine the relative priority of all notices on the same subject for the sitting for which they are valid."

Rule 58

19. In clause (iii) of rule 58, the following words shall be added at the end, namely :—

"involving responsibility of the Government of India."

Rule 69

20. For proviso to sub-rule (2) of rule 69, the following shall be substituted, namely :—

"Provided that where a clause in a Bill involving expenditure is inadvertently not printed in thick type or in italics, the member in charge of the Bill shall, with the permission of the Speaker, bring such clauses to the notice of the House."

Rule 72

21. (i) Rule 72 shall be renumbered as sub-rule (1) thereof and

(ii) the following sub-rule (2) shall be added after the provisos, namely —

"(2) Notice to oppose introduction of a Bill shall be addressed to the Secretary-General and given by 10.00 hours on the day on which the motion for leave to introduce the Bill is included in the list of business."

Rule 74

22. In first proviso to rule 74, for the words "making provision for any of the matters specified in sub-clauses (a) to (f) of clause (1) of article 110 of the Constitution" the following shall be substituted, namely:—

"if it contains only provisions dealing with al or any of the matters specified in sub-clauses (a) to (g) of clause (1) of article 110 of the Constitution."

Rule 75

